# शिवमय हो उठी छोटी काशी, भोलेनाथ के जयकारों से गूंजे शिवालय



हर हर महादेव के जय कारो से गुंजा झारखंड महादेव मंदिर का परिसर। महा शिवरात्रि पर शिव भक्तों की मंदिर में लंबी लाइन में लगे भक्तों ने शिव लिंग पर अभिषेक करते हुए ॐ नमः शिवाय बम बम भोले के जयकारों से वातावरण को शिव मय बना दिया।



जयपुर के जीपीओ प्रांगण स्थित श्री विश्वदीप महादेव मंदिर में बुधवार को महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में 8 पहर की पूजा बड़ी धूमधाम से की गई, जिसमें सुरेश पुरोहित, हनुमान शर्मा एवं अन्य भक्तों का सहयोग रहा। भजन संध्या की प्रस्तुति कान्हा म्यूजिकल ग्रुप सांगानेर की रही।

**जयपुर।** महाशिवरात्रि पर बुधवार को छोटीकाशी शिवमय हो उठी। शिवालय हर हर महादेव के जयकारों से गुंजायमान हो उठे। प्राचीन शिव मंदिरों के बाहर भक्तों की लंबी कतारे लगी। विशेष ज्योतिषीय योग-संयोग में श्रद्धालुओं ने सुबह से शाम तक भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की। वहीं, नवविवाहिताओं ने शिवालयों में जयघट चढ़ाई।

बुध मालव्य, शश, बुधादित्य योग, श्रवण नक्षत्र के बाद धनिष्ठा नक्षत्र,परिघ योग, वणिज करण के बाद शकुनि करण और मकर राशि के चंद्रमा में शिवाभिषेक का सिलसिला ब्रह्म मुहूर्त में शुरू होकर देर शाम तक चलता रहा। प्रथम प्रहर दूध से अभिषेक किया गया। द्वितीय प्रहर दही से, तृतीय प्रहर में घी से और चतुर्थ प्रहर में शहद से अभिषेक किया गया। शाम को देशी-विदेशी फूलों से भोलेनाथ की फूल बंगला झांकी सजाकर भजनों से गुणगान किया गया। चौड़ा रास्ता स्थित ताड़केश्वर महादेव मंदिर में सुबह ब्रह्म मुहूर्त से अभिषेक का क्रम शुरू हो गया।

सुबह होने तक सिटी पैलेस तक लाइन लग गई। इसके बाद तो लाइन का एक छोरी बड़ी चौपड़ तक पहुंच गया। कतारों में लगे श्रद्धालुओं ने हर हर महादेव के जयघोष से उत्साह कम नहीं होने दिया। मंदिर पूरे समय हर हर महादेव से गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान को बिल्व पत्र, भांग, धतूरा, गन्ने का रस, पंचामृत, दूध, नागकेसर, गाजर, बेर, सोगरी, पुष्प अर्पित किए।




साल में एकबार आम जनता के लिए दर्शनों के लिए खुलने वेक मोती डूंगरी स्थित एकलिंगेश्वर महादेव मंदिर इस साल भी नहीं खुला। लोग आस्था के चलते पहुंचे पर बंद मिलने पर नीचे से ही ढोक दे मायूस ही लौट गए। मौके पर तैनात पुलिस कर्मी भी लोगो को समझाते रहे।

पुजारी अमित पाराशर ने बताया कि शाम को फूलों से विशेष झांकी सजाई गई। वैशालीनगर के झाड़खंड महादेव मंदिर में सुबह 4:30 बजे पट खुलने से शाम चार बजे तक जलाभिषे्क का सिलसिला चला।

हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने विभिन्न द्रव्यों से अभिषेक किया। थाईलैंड और बेंगलूरु से विशेष फूलों से विशेष झांकी सजाई गई। 200 से अधिक स्वयंसेवकों ने व्यवस्थाएं संभाली। महिला-पुरुष की लाइनें अलग-अलग लगाई गई। बुजुर्गों के लिए ईरिक्शा की व्यवस्था की गई। रात्रि को भजन संध्या में भोलेनाथ का भजनों से गुणगान किया गया। गोविंद देवजी मंदिर ठिकाने के आमेर रोड स्थित काला महादेव मंदिर में महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में पंचामृत अभिषेक कर विभिन्न सामग्री अर्पित की गई। दिल्ली रोड स्थित खोले के हनुमान मंदिर परिसर के आनन्देश्वर महादेव का पुष्करराज से लाई जाने वाली कावड़ जल से जलाभिषेक किया गया, यहां चार पहर की पूजा की गई।

झोटवाड़ा रोड स्थित चमत्कारेश्वर महादेव में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर बिल्व पत्र अर्पित किए। गलता गेट स्थित गीत गायत्री द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में पं. राजकुमार चतुर्वेदी के सानिध्य में शिवाभिषेक किया गया।

# 80 लाख रुपए की अवैध शराब बरामद

**जयपुर।** जयपुर ग्रामीण की अंतरराज्यीय शराब तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मनोहरपुर थाना पुलिस ने एक सप्ताह में लगातार दूसरी कार्रवाही करते हुए भारी मात्रा में अवैध शराब का जखीरा जब्त किया है। पुलिस ने अंतरराज्यीय शराब तस्कर को गिरफ्तार कर 601 कार्टून अवैध शराब के जब्त करते हुए 14 चक्का ट्रक जब्त

- 601 अवैध शराब के कार्टून सहित ट्रक जब्त, एक अंतरराज्यीय शराब तस्कर गिरफ्तार
- गेंहू व मक्का के छिलके की बोरियों के नीचे छिपाकर करते है शराब तस्करी

किया है। जिसका बाजार मूल्य 80 लाख रुपए आंका गया है। शातिर शराब तस्कर गेंहू व मक्का के छिलके की बोरियों के नीचे अवैश शराब के कार्टून छिपाकर शराब तस्करी को अंजाम देते थे। पुलिस गिरफ्तार शराब तस्कर से गिरोह के अन्य लोगों के बारे में गहनता से पूछताछ करने में जुटी है।

उप महानिरीक्षक पुलिस आनंद शर्मा (आईपीएस) ने जानकारी देते हुए बताया कि जयपुर ग्रामीण इलाकों में अवैध शराब मादक पदार्थ व शराब तस्करी में संलिप्त अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए ऑपरेशन नॉकआउट अभियान चलाया जा रहा है। अभियान की सफलता के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने मुखबिर व तकनिकी सहायता के आधार पर राधे-राधे होटल के सामने दिल्ली से जयपुर सर्विस लाइन पर एक खड़े ट्रक की तलाशी ली। जिस पर तिरपाल लगा हुआ था। पुलिस ने तिरपाल हटवाकर ट्रक की तलाशी ली। जिसमें गेंहू व मक्के की बोरियां भरी हुई थी। पुलिस पूछताछ मे ट्रक चालक भरत गोगन मुछार (30) पुत्र गोगनभाई मुछार पोरबंदर, गुजरात, नरमदा डेयरी ,बवाना ,तालूक निवासी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। गहनता से तलाशी के दौरान बोरियों के नीचे पंजाब निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब सिगनेचर रियर रजेड सलेक्ट विस्की के कुल 52 कार्टून,रॉयल चैंलेज विस्की के 2 सौ कार्टून,रॉयल स्टेज विस्की के 2 सौ कार्टून,मैकडोवल नंबर विस्की के 2 सौ कार्टून,ऑल सेशन विस्की के 49 कार्टून,सहित अन्य ब्रॉड के कुल 601 अवैध अग्रेजी शराब भरे हुए मिले। पुलिस ने अवैध शराब जब्त कर ट्रक चालक भरत गोगन मुछार को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने जब्त की गई अवैध शराब की कीमत 80 लाख रुपए बताई है। इससे पूर्व में 20 फरवरी को मनोहरपुर थाना पुलिस ने 1060 कार्टून पंजाब निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब जिसकी कीमत 1 करोड़ 27 रुपए की अवैध शराब बरामद की थी। आईपीएस आनंद शर्मा ने बताया कि जयपुर ग्रामीण में ऑपरेशन नॉकआउट अभियान के तहत अवैध नशे का कारोबार करने वाले अपराधियों के खिलाफ कार्रवाही जारी रहेंगी।



पुलिस ने कार्रवाही करते हुए आरोपी सहित भारी मात्रा में अवैध शराब का जखीरा जब्त किया है।

# रीट परीक्षा के दौरान जयपुर में किए गए यातायात प्रबन्ध

**जयपुर।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर की ओर से 27 व 28 फरवरी को राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट-2024) का आयोजन किया जा रहा है।

यह परीक्षा जयपुर जिले में दो पारियों मे (प्रथम पारी समय सुबह 10 से दोपहर 12.30 तक एवं द्वितीय पारी समय शाम 3. से 5.30 तक) आयोजन किया जायेगा। परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए परीक्षार्थियों का अन्तर्जिला आवागमन भी रहेगा। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के आवागमन के कारण 27 व 28 फरवरी को जयपुर पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र के सभी मुख्य मार्गो पर यातायात का अत्यधिक दबाव होना सम्भावित है। अतः 27 व 28 फरवरी को जयपुर शहर की यातायात व्यवस्था निम्नानुसार रहेगी।

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, मुख्यालय जयपुर द्वारा राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट-2024) में अभ्यर्थियों को सुव्यवस्थित एवं सुचारु परिवहन सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए निम्नानुसार चार अस्थाई बस स्टैण्ड चिन्हित किये गये। जहां से बसों का संचालन ट्रांसपोर्ट नगर अस्थाई बस स्टैण्ड बी-2 बाईपास तारो की कूँट अस्थाई बस स्टैण्ड नारायण विहार बदरवास तिराहा अजमेर रोड अस्थाई बस स्टैण्ड विद्याधर नगर स्टेडियम अस्थाई बस स्टैण्ड भारी वाहनों का डायवर्जन 28 फरवरी रात 11 बजे तक शहर में भारी वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा। सभी परीक्षार्थियों एवं उनके साथ आने वाले परिजनों से अपील की जाती है कि अपने वाहनों को परीक्षा केन्द्रों के निर्धारित पार्किंग स्थलो पर ही पार्क करें। 27 फरवरी को जयपुर शहर में यातायात के सुगम संचालन के लिए सामान्य यातायात को आवश्यकतानुसार डायवर्ट कर समानान्तर मार्गों पर संचालित किया जायेगा। आपातकालीन वाहनों का आवागमन निर्बाध रहेगा। आम नागरिको की सुविधा हेतु यातायात हैल्प लाईन 1095, 2565630, 2561256 एवं व्हाट्सएप हैल्प डेस्क नम्बर 8764866972 संचालित रहेगी। आमजन अपने वाहन निर्धारित पार्किग स्थल पर पार्क करें। मुख्य मार्ग वाहन पार्क कर यातायात अवरुद्ध नही करें। अतः अभ्यर्थियों के अत्यधिक आवागमन को मध्यनजर रखते हुए ट्रान्सपोर्ट यूनियन/भारी वाहन संचालको से अनुरोध है कि भारी वाहन चालकों को उपरोक्त समय के अनुसार जयपुर शहर में आवागमन हेतु सूचित करे साथ ही आम नागरिको से अपील है कि 27 फरवरी को अति आवश्यक होने पर ही अपने वाहन का इस्तेमाल करे एवं व्यवसायिक, कार्यालय कर्मी सार्वजनिक परिवहन के साधन, वाहन शेयरिंग का अधिकाधिक उपयोग करे।

## महाशिवरात्रि पर मदन राठौड़ ने एकता और अनुशासन की अपील की

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मदन राठौड़ ने महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर विद्याधर नगर स्थित श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने महादेव के परिवार से प्रेरणा लेने की बात कही, जिसमें चूहा, सांप और मयूर जैसे भिन्न-भिन्न प्रकृति के प्रतीकों के बावजूद सामंजस्य है। उन्होंने कहा, "महादेव का परिवार हमें सहअस्तित्व और सामाजिक सौहार्द का संदेश देता है।"

राठौड़ ने महाकुंभ में आस्था के प्रचार-प्रसार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया और कहा, "मोदी की आस्था ने कांग्रेसियों के अंदर भी आस्था का भाव पैदा कर दिया है।" उन्होंने त्रिवेणी संगम को भारतीय संस्कृति का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह हमारी धार्मिक आस्था का महान केंद्र है। राठौड़ ने कहा कि भाजपा में सभी के बीच तालमेल बहुत अच्छा है और संगठन के अंदर सभी को साथ लेकर चलने की रणनीति अपनाई जाएगी। उन्होंने कहा, "हर कार्यकर्ता की योग्यता के अनुसार उन्हें कार्य का अवसर मिलेगा। भाजपा की रणनीति है कि प्रत्येक कार्य के लिए कार्यकर्ता और हर कार्यकर्ता को कार्य मिले।"

# सिरसी रोड पर एक युवक को 61 एक्टिव सिम, दो मोबाइल व बाइक के साथ पकड़ा

## साइबर ठगी के अंतरराष्ट्रीय रैकेट का खुलासा

**जयपुर।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी के एक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का खुलासा किया है। जयपुर के वैशाली नगर इलाके में सिरसी रोड से स्थानीय पुलिस को साथ लेकर एक युवक यशवंत सिंह पंवार (21) निवासी गुर्जर बस्ती शास्त्री नगर जयपुर को 61 एक्टिव मोबाईल सिम व दो मोबाइल सहित पकड़ा है। आरोपी दुबई में बैठे इस गिरोह के सरगना के कहने पर अरुणाचल प्रदेश एवं आसाम से फर्जी सिम मंगवाता है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स दिनेश एमएन ने बताया कि टीम को एक गिरोह द्वारा जयपुर में आसाम से भारी मात्रा में एक्टिव सिम फ्लाइट के द्वारा मंगवाए जाने की सूचना मिली थी। सूचना पर एक टीम पुष्टि के लिए रवाना की गई।

सूचना संकलन एवं तकनीकी मदद से खबर की तस्दीक होने पर वैशाली थाना पुलिस को सूचना देकर सिरसी रोड बुलाया गया। जहां कालरा पेट्रोल पम्प के सामने चाय की थड़ी पर बाइक लेकर खड़ा युवक पुलिस की गाड़ी और टीम को देख बाइक लेकर जाने लगा। बाइक रोक कर युवक को डिटेन किया गया। पुलिस को देख युवक सकपकाने लगा और पसीने-पसीने हो गया। शास्त्री नगर की गुर्जर बस्ती निवासी इस युवक यशवंत सिंह की तलाशी ली गई तो उसके पास मिले एक लिफाफे से 61 मोबाइल सिम व जेब से मिले दो मोबाइल जब्त किये गये।

पूछताछ की तो आरोपी युवक यशवंत ने बताया कि फर्जी एवं दूसरे लोगों के डॉक्यूमेंट लगाकर प्राप्त की गई ये मोबाईल सिम उसके साथी अभिषेक उर्फ अन्ना पुत्र महेश निवासी लालरपुरा गांधी पथ वेस्ट जयपुर ने आसाम से फ्लाइट द्वारा कोरियर के माध्यम से भिजवाई है। अभिषेक दुबई में रह ऑनलाइन गैम्स खेला सट्टे का काम करता है। फर्जी सिम इन्हें आसाम के अलावा अरुणाचल प्रदेश एवं अन्य शहरों से भी मिलती हैं।

प्रारंभिक पूछताछ में यह भी सामने आया है कि जयपुर में इस गिरोह द्वारा ऑफिस बना रखा है, जहां पर उनके पास कई छोटे-छोटे सिम बॉक्स है। जिनमें यह एक साथ कई मोबाइल सिम लगा उसे एक्टिव करते है। सिम बॉक्स अलग-अलग कैटेगरी के हैं। किसी में 30, किसी में 40 और उससे ज्यादा भी सिम लगती है। जयपुर में उनके ऑफिस संचालित करने के बारे में अनुसंधान किया जा रहा है। इस गिरोह के सरगना अभिषेक ने दुबई में कहीं एक कॉल सेंटर बनाया है। सिम बॉक्स में भारतीय नंबर की इन सिमों को इंसर्ट करने पर यह एक्टिव हो जाती है। इसके बाद दुबई में कॉल सेंटर चल रहा अभिषेक विभिन्न गेमिंग एप और अन्य तरीकों से साइबर ठगी करता है।

आरोपी से पूछताछ में यह भी सामने आया कि इनके गिरोह में जयपुर के शास्त्री नगर निवासी योगेन्द्र खिंची उर्फ रोनी उर्फ रवि, रोकी, पंजाब निवासी गुरु, हनुमानगढ जंक्शन निवासी इंद्र व जतिन व हरमीत सिंह भी काम करते है। आरोपी ने इनके पास और भी कई फर्जी सिम होना बताया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड प्राप्त कर उनके नेटवर्क के संबंध में गहनता से अनुसंधान किया जाएगा।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिद्धांत शर्मा के सुपरविजन एवं इंस्पेक्टर राम सिंह नाथावत के नेतृत्व में की गई । इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल हेमंत शर्मा की विशेष भूमिका सब इंस्पेक्टर प्रताप सिंह, एएसआई बनवारी लाल, हेड कांस्टेबल महेश, महावीर, देवेंद्र सिंह, गंगाराम, जितेंद्र, गोपाल धाबाई, विजय सिंह एवं चालक दिनेश शर्मा का सराहनीय योगदान रहा। इस कार्रवाई में थाना वैशाली नगर से एएसआई माल सिंह, कांस्टेबल भंवरलाल, जय किशन, विक्रम सिंह व सरदार सिंह शामिल थे।



एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी के एक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का खुलासा किया है।

- यह गिरोह अरुणाचल प्रदेश और आसाम से फ्लाइट के द्वारा मंगाते है एक्टिव सिम
- सिम बॉक्स में लगाते हैं 30 से 40 सिम, जिसका उपयोग दुबई में कॉल सेंटर चल रहा सरगना करता है साइबर ठगी में
- एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की बड़ी कार्रवाई

## सार-समाचार

### कलाकारों ने कई रागों के सुर साधे



**जयपुर।** अनेक बाल व युवा कलाकारों ने शास्त्रीय संगीत की विभिन्न रागों के सुर साध कर अपनी तैयारी पक्ष और रियाज का उम्दा प्रदर्शन किया। मौका था बुधवार को शुरू हुए संगीत आश्रम संस्थान के तीन दिवसीय शास्त्रीय संगीत समारोह का। शास्त्रीनगर स्थित संस्थान परिसर में हो रहे समारोह के पहले दिन संगीत के स्टूडेंट्स ने सुर, लय और ताल की उम्दा बानगी दर्शाकर गायन और वादन की प्रस्तुति दी। कलाकारों ने सुरों के खूबसूरत लगाव, ठहराव और पकड़ का सुन्दर प्रदर्शन कर रागों का नैसर्गिक सौन्दर्य छलकाया।

### संज्ञेय अपराध की जांच हैड कांस्टेबल कर सकता है या नहीं?

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने पुलिस कमिश्नर को 28 फरवरी को अदालती कार्रवाई में शामिल होकर यह बताने को कहा है कि क्या किसी संज्ञेय अपराध की जांच हैड कांस्टेबल कर सकता है या नहीं? जस्टिस अनिल कुमार उपमन की एकलपीठ ने यह आदेश राजू की ओर से दायर जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। जमानत याचिका में अधिवक्ता राहुल अग्रवाल ने अदालत को बताया कि जहरखुरानी के इस मामले में पीड़ित ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। याचिकाकर्ता बेकसूर है, लेकिन पुलिस ने उसे मामले में फंसाते हुए आरोप पत्र पेश किया है। जबकि पुलिस ने जांच के दौरान शिनाख्त परेड भी नहीं कराई। जिससे पुलिस का अनुसंधान ही दूषित हो गया है।

### विवाह सहायता राशि बढ़ाई

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा अनुरूप राज्य सरकार किसान, गरीब, महिला एवं युवाओं के कल्याण के प्रति कृतसंकल्पित होकर कार्य कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महात्मा ज्योतिबा फूले मंडी श्रमिक कल्याण योजना के अन्तर्गत विवाह सहायता राशि में वृद्धि करने की स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री शर्मा के इस संवेदनशील निर्णय से उक्त योजना में अब अनुज्ञाधारी श्रमिकों की दो पुत्रियों के विवाह पर 25 हजार रूपये की बढ़ोतरी करते हुए प्रति विवाह 75-75 हजार रूपये की सहायता राशि दी जाएगी।

### शिवरात्रि पर्व मनाया

**जयपुर।** सी-स्कीम में भगत सिंह मार्ग स्थित मंदिर श्री लक्ष्मी नारायणजी में बुधवार को शिवरात्रि पर्व मनाया गया। इस दौरान मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया। वहीं भगवान का विशेष शृंगार किया गया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों ने सुबह से ही भगवान शिव की पूजा अर्चना शुरू कर दी। लोगों की भीड़ पूरे दिन लगातार जारी रही। शिवाभिषेक का सिलसिला ब्रह्म मुहूर्त में शुरू होकर देर शाम तक चलता रहा। वहीं श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में भजन कीर्तन किया।

### बदमाश सहित खरीदार भी गिरफ्तार

**जयपुर।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने अशोक नगर थाना इलाके में वाहन चोरों खिलाफ कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने और मोबाइल चोरी करने वाले एक शातिर चोर अभिषेक शर्मा को गिरफ्तार किया है । पुलिस ने गिरफ्तार आरोपित के कब्जे से चोरी के दुपहिया वाहन पांच एक्टिवा,दो मोटरसाइकिल एवं सात चोरी के महंगे मोबाइल बरामद किए है। इसके अलावा पुलिस ने मोबाइल चोरी के खरीदार विकास मालचन्दका को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अभिषेक शर्मा पुलिस थाना माणक चौक जयपुर का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

### इस्पेक के नवीन लोगो का लोकार्पण

**जयपुर।** इंटरनेशनल सोसायटी फॉर परशुराम कॉन्शसनेस के नवीन लोगों का महाशिवरात्रि पर मुहाना स्थित प्राचीन शिव महाकालेश्वर मंदिर में भगवान भोले की सामूहिक पूजा कर नवीन लोगो का विमोचन किया गया। विप्र फाउंडेशन के आनुषंगिक संगठन इस्पेक की चेयरपर्सन हर्षा त्रिवेदी तथा राष्ट्रीय प्रभारी प्यारे लाल शर्मा ने बताया कि इस गरिमामयी आध्यात्मिक एवं ऐतिहासिक आयोजन के अंतर्गत सबसे पहले पंडित रामबाबू के आचार्यत्व में अति प्राचीन शिव प्रतिमा पर दुग्धाभिषेक किया गया और उसके बाद लोगों का विमोचन हुआ।

### देशी कट्टे सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर।** करधनी थाना पुलिस ने ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है और उसके पास से एक देशी कट्टा भी बरामद किया है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि आरोपित पूर्व में भी वाहन चोरी चोरी और नकबजनी की वारदातों में चालान शुदा है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत करधनी थाना पुलिस ने हिमाशु शर्मा उर्फ गोलू निवासी करधनी जयपुर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से अवैध हथियार एक देशी कट्टा बरामद किया है।

### मोबाइल चोरी करने वाला गिरफ्तार

**जयपुर।** ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोबाइल चोरी करने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया गया है और उसके पास से अलग-अलग कंपनियों के दो महंगे मोबाइल जब्त किए है । फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोबाइल चोरी करने वाले एक शातिर चोर गुलाब हुसैन उर्फ बाबू निवासी खोह नागोरियान जयपुर को गिरफ्तार कर उसके पास से दो चोरी के मोबाइल बरामद किए है।

### दो बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत गलता गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार सहित दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से देशी कट्टा और तीन जिंदा कारतूस बरामद किया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा ने बताया कि ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत गलता गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सोनू मीणा निवासी गलता गेट और गौरव जेसवाल निवासी ब्रह्मपुरी जयपुर को गिरफ्तार कर उनके पास से एक देशी कट्टा और तीन जिंदा कारतूस बरामद किया है।

### आर.एस.एस. का घोष पथ संचलन

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ वैशाली नगर की ओर से महाशिवरात्रि पर्व, अखिल भारतीय घोष दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर वैशाली नगर में घोष पथ संचलन निकाला एवं झारखंड महादेव मंदिर प्रागंण में स्थिर वादन किया गया। कार्यक्रम में नगर संघ चालक भोजराज सिंह राजावत उपस्थित रहे। पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवकों का पथ संचलन घोष वाद्ययंन्त्रों की स्वरलहरियों के साथ कदम से कदम मिलाते हुए आनंदराम गोम डिफेंस कॉलोनी से प्रारम्भ हुआ। संचलन मुख्य मार्गो से होते हुए झारखंड महादेव मंदिर पहुंचा। जहां मंदिर प्रागंण में स्वयंसेवकों ने स्थिर वादन करते हुए घोष की रचनाओं की प्रस्तुति दी।

### भगवान शिव का अभिषेक किया

**जयपुर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर स्थित शिव मंदिर में अभिषेक और पूजन हुआ, जिसमें इंडियन वूमेन इम्पैक्ट एनजीओ के बच्चों ने भाग लिया। पूजन-अर्चना के बाद उनके लिए विशेष भोज का आयोजन किया गया, जहां उन्होंने बड़ा पाव, ऑयल-फ्री प्याज भजिया और विभिन्न स्वादों की चाय का आनंद लिया। इस दौरान राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर के निदेशक एन.सी. गोयल भी मौजूद रहे।